
# जज्बा और आजादी की लड़ाई में रोहित का दमदार रूप

**अभिनेता** रोहित सराफ अपनी आगामी सीरीज 'द रेवोल्यूशनरीज' में एक ऐसे रूप में नजर आने वाले हैं, जिसे देखकर उनके प्रशंसक भी हैरान हो सकते हैं. अब तक पर्दे पर ज्यादातर रोमांटिक और बॉय-नेक्स्ट-डोर अंदाज में दिखाई देने वाले रोहित इस बार स्वतंत्रता सेनानी सचिंद्र नाथ सान्याल के किरदार में नजर आएंगे. अमेजन प्राइम वीडियो ने सीरीज की नई झलक जारी की है, जिसमें अभिनेता का दमदार और गंभीर अंदाज सामने आया है. जारी झलक में रोहित का किरदार आजादी के लिए अपने जुनून और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष के लिए पूरी तरह समर्पित दिखाई देता है.

संवादों और दृश्यों में उनके किरदार की बेखौफ सोच तथा अपने मकसद के प्रति प्रतिबद्धता को उभारा गया है. रोहित कहते नजर आते हैं कि उन्होंने अपने जुनून को जिंदा रखा, मौत से बेखौफ टकराए और अपने मकसद से कभी पीछे नहीं हटे. इस झलक ने सीरीज को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है. द रेवोल्यूशनरीज' उन युवा भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की कहानी पर आधारित है, जिन्होंने अंग्रेजों के शासन को खत्म करने के लिए सशस्त्र संघर्ष को जरूरी माना. सीरीज आजादी की लड़ाई के उस दौर को सामने लाने का प्रयास करती है, जब कई युवा क्रांतिकारी अपने जीवन की परवाह किए बिना देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे थे.

सचिंद्र नाथ सान्याल के किरदार को पर्दे पर जीवंत बनाने के लिए रोहित सराफ ने अपने लुक में भी बड़ा बदलाव किया है. नई झलक में वह मस्कुलर शरीर, मूंछों और उस दौर से प्रेरित परिधानों में नजर आ रहे हैं. उनका बदला हुआ शारीरिक रूप और गंभीर भाव-भंगिमा उनके अब तक के पर्दे के अंदाज से बिल्कुल अलग दिखाई देती है. यही कारण है कि सीरीज में उनका यह किरदार खास चर्चा का विषय बन गया है. निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी इस सीरीज में रोहित सराफ के साथ भुवन बाम, प्रतिभा रांटा, गुरफतेह पीरजादा और जेसन शाह भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे.





## कार्तिक ने लॉन्च किया डोपामाइन स्टूडियोज

**बॉलीवुड** अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कदम रखते हुए अपने प्रोडक्शन हाउस डोपामाइन स्टूडियोज़ की शुरुआत की है. कार्तिक के बैनर की पहली बड़ी भागीदारी निर्देशक कबीर खान की आगामी फिल्म में हुई है, जिसमें कार्तिक खुद मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे. यह फिल्म कार्तिक और कबीर खान की दूसरी साझेदारी है. इससे पहले दोनों वर्ष 2024 में प्रदर्शित फिल्म 'चंदू चैंपियन' में साथ काम कर चुके हैं. मुरलीकांत पेटकर की जिंदगी पर आधारित इस फिल्म में कार्तिक के अभिनय की काफी सराहना हुई थी उन्हें 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी मिला.

## पांचवें दिन सनी देओल की फिल्म ने पकड़ी रफ्तार


**सनी** देओल की फिल्म 'बंटवारा 1947' ने बॉक्स ऑफिस पर पांचवें दिन वापसी के संकेत दिए हैं. रिलीज के शुरुआती दिनों में धीमी कमाई से जूझ रही फिल्म के कारोबार में मंगलवार को उछाल देखने को मिला. इसके साथ ही फिल्म को लेकर मेकर्स की उम्मीदें एक बार फिर बढ़ गई हैं. बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की फिल्मों से जिस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है, 'बंटवारा 1947' उस पैमाने पर शुरुआत में खरी नहीं उतर पाई थी. हालांकि पांचवें दिन की बेहतर कमाई ने फिल्म के कारोबार को लेकर तस्वीर कुछ हद तक बदली है. बॉर्डर 2 की सफलता के बाद सनी देओल इस साल अपनी दूसरी फिल्म लेकर सिनेमाघरों में पहुंचे हैं. 'बंटवारा 1947' शुक्रवार को रिलीज हुई थी. फिल्म को समीक्षकों की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, लेकिन इसका असर शुरुआती बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में ज्यादा नजर नहीं आया. पहले कुछ दिनों में फिल्म की कमाई धीमी रही और कारोबार को लेकर सवाल उठने लगे थे.

सनी देओल को लंबे समय से बॉक्स ऑफिस पर दमदार प्रदर्शन करने वाले अभिनेताओं में गिना जाता है. उनकी फिल्मों में खासतौर पर एक्शन, देशभक्ति और मजबूत किरदार दर्शकों को आकर्षित करते रहे हैं. यही वजह है कि 'बंटवारा 1947' से भी अच्छी कमाई की उम्मीद की जा रही थी. मगर शुरुआती दिनों में फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में संघर्ष करती नजर आई. अब रिलीज के पांचवें दिन फिल्म के कारोबार में आया उछाल उम्मीद की नई वजह बन गया है. मंगलवार को कलेक्शन में बढ़ोतरी बताती है कि फिल्म को दर्शकों का समर्थन मिलना शुरू हुआ है. हालांकि यह उछाल फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर कितनी दूर तक ले जाता है, इसका पता आने वाले दिनों में चलेगा. फिल्म की कहानी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़ी है और इसमें सनी देओल एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ रहे हैं. उनके अभिनय और फिल्म की कहानी को लेकर समीक्षकों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही है.



### टेलीविजन हलचल

## केबीसी 18 में पहुंचे कॉमनवेल्थ चैंपियंस



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का प्रतिष्ठित क्विज शो, कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18, एक विशेष एपिसोड में राष्ट्रमंडल खेल 2026 के विजेताओं का स्वागत किया . हॉटसीट पर मेजबान अमिताभ बच्चन के साथ लवलीना बोरगोहेन, अस्मिता डे, झंडू कुमार और शर्मिला धनखड़ का स्वागत किया जाएगा, जो देश के लिए लाए गए राष्ट्रीय गौरव का जश्न मनाएंगे. यह एपिसोड दर्शकों को प्रेरित करने का वादा करता है. अस्मिता डे, जिन्होंने जूडो में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा, शर्मिला धनखड़, जो देश की पहली राष्ट्रमंडल खेलों की पैरा-एथलेटिक्स स्वर्ण पदक विजेता बनीं, आज रात का एपिसोड इन विजेताओं के असाधारण लचीलेपन और दृढ़ संकल्प का जश्न मनाएगा. इसके अलावा हॉटसीट पर लवलीना बोरगोहेन भी हैं, जिन्होंने मुक्केबाजी के लिए 75 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता और झंडू कुमार, जिन्होंने पुरुषों के हेवीवेट पैरा पावरलिफ्टिंग के लिए ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए पहला पदक जीता.

## शादी के बाद सेट पर लौटीं आकांक्षा रंजन

**अभिनेत्री** आकांक्षा रंजन शादी के महज तीन दिन बाद ही अपने काम पर लौट आयीं. नई-नई शादी की खुशियों और व्यस्त वर्क कमिटमेंट्स के बीच आकांक्षा ने ब्राइडल मेहंदी के साथ अपनी प्रोफेशनल जिम्मेदारियां भी बखूबी निभायीं. आकांक्षा का पहला पड़ाव 31 लेबल्स की पहली 'द क्यूरेटर्स टेबल' रही. फैशन इंडस्ट्री के प्रभावशाली चेहरों और टेस्टमेकर्स को एक साथ लाने वाली इस क्लोज्ड-डोर गैदरिंग को क्रिएटिव माइंड्स की एक खास और अंतरंग मुलाकात के तौर पर तैयार किया गया था. आकांक्षा ने इस खास आयोजन की झलक सोशल मीडिया पर साझा किये गये एक वीडियो के जरिए अपने प्रशंसकों को दिखायी. इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के अनुभव भी साझा किये.

इस इंटिमेट गैदरिंग में ग्लोबल लग्जरी और होमग्रोन क्रिएटिविटी का मेल देखने को मिला. कार्यक्रम में सोच-समझकर तैयार किया गया फाइव-कोर्स टेस्टिंग मेन्यू भी शामिल था. हालांकि, आकांक्षा के लिए इस आयोजन का सबसे खास हिस्सा खाना नहीं, बल्कि वहां हुई बातचीत रही.



## गोविंदा से तलाक नहीं लेंगी सुनीता आहूजा

### इस वजह से पहुंचीं फैमिली कोर्ट



**एक्टर** गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा लंबे समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में हैं. दोनों के बीच की अनबन अब पब्लिक में भी आ गई है. हाल ही में गोविंदा और सुनीता के तलाक को लेकर खबरें आईं. रिपोर्ट थी कि सुनीता ने तलाक के लिए केस फाइल किया है.बुधवार को सुनीता को फैमिली कोर्ट के बाहर भी देखा गया. इसके बाद से दोनों के तलाक की खबरों को हवा मिली. हालांकि, अब सुनीता के फैमिली कोर्ट जाने की वजह सामने आ गई है.

दरअसल, सुनीता फैमिली कोर्ट तलाक केस वापस लेने गई थी. एबीपी न्यूज को सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सुनीता ने तलाक का केस फाइल किया हुआ था उसे ही वो वापस लेने के लिए फैमिली कोर्ट पहुंची थीं. वहीं गोविंदा के मैनेजर शशि सिन्हा ने भी इन खबरों को कंफर्म किया है. उन्होंने कहा, 'एक बार वो कोर्ट पहुंच गई तो पूरी दुनिया को पता चल गया. क्या दुनिया को जानने की जरूरत है इसकी कोई जरूरत नहीं है. फैमिली के मामले फैमिली में रहने चाहिए. बैठकर बात करने से कई चीजें ठीक हो जाती हैं. अगर आज केस वापस ही लेना था, तो उन्होंने केस फाइल ही क्यों करवाया था इससे मुझे दुख होता है.



# चांद पर स्पेसएक्स रॉकेट क्रैश

**चांद** पर स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के ऊपरी चरण की टक्कर का असर अब साफ दिखाई देने लगा है. नासा के लूनर रेकॉन्सेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) ने दुर्घटना के बाद उस जगह की विस्तृत तस्वीरें खींची हैं, जिनमें करीब 60 फीट चौड़ा नया गड्ढा नजर आ रहा है. वैज्ञानिकों के मुताबिक क्रेटर की गहराई 10 फीट से कम है. नासा ने इन तस्वीरों की तुलना टक्कर से पहले ली गई तस्वीरों से कर चांद की सतह में आए बदलावों की पहचान की है.

यह घटना 5 अगस्त 2026 को हुई थी. करीब 4 टन वजनी फाल्कन-9 का ऊपरी चरण लगभग 5,400 मील प्रति घंटे यानी करीब 8,700 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चांद की सतह से टकराया. यह टक्कर चांद के उस क्षेत्र के पास हुई, जहां आइंस्टीन और बेल क्रेटर स्थित हैं. रॉकेट का यह हिस्सा जनवरी 2025 में लॉन्च किए गए एक वाणिज्यिक चंद्र मिशन के बाद अंतरिक्ष में भटक रहा था. 15 जनवरी 2025 को स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने फायरफ्लाई एयरोस्पेस के ब्लू घोस्ट-1 लूनर लैंडर को चांद की ओर रवाना किया था. मिशन के दौरान रॉकेट ने अपना काम पूरा कर लिया, लेकिन उसका ऊपरी चरण अंतरिक्ष में बना रहा. सौर गतिविधि और गुरुत्वाकर्षण बलों के प्रभाव से इसकी कक्षा बदलती गई और आखिरकार यह चांद की सतह की ओर बढ़ गया. नासा ने पहले ही अनुमान लगाया था कि टक्कर से करीब 60 फीट चौड़ा गड्ढा बन सकता है.टक्कर के करीब एक सप्ताह बाद एलआरओ ने दुर्घटनास्थल की तस्वीरें रिकॉर्ड कीं. इसके लिए अंतरिक्ष यान को अपनी सामान्य स्थिति से थोड़ा झुकाकर कैमरे को सही जगह की ओर मोड़ना पड़ा.

### नासा ने दिखाया गड्ढा





## व्हाट्सऐप में बदला कॉन्टैक्ट सेव करने का तरीका

**व्हाट्सऐप** अपने बहुप्रतीक्षित यूजरनेम फीचर को बड़े स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है. कंपनी ने एंड्रॉयड और आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए नया संपर्क बनाने वाली स्क्रीन में एक नया यूजरनेम क्षेत्र जोड़ना शुरू किया है. इस बदलाव के बाद उपयोगकर्ता किसी नए संपर्क का नाम और फोन नंबर सहेजने के साथ उसका यूजरनेम भी सुरक्षित कर सकेंगे. व्हाट्सऐप के नए फीचर पर नजर रखने वाली वेबसाइट डब्ल्यूएबीटाइन्फो ने इस बदलाव की जानकारी दी है.

नया यूजरनेम क्षेत्र उसी स्क्रीन पर दिखाई देता है, जहां उपयोगकर्ता किसी नए व्यक्ति का नाम और फोन नंबर दर्ज करते हैं. इसका उद्देश्य यूजरनेम को संपर्क की पहचान से जोड़ना है. यदि किसी व्यक्ति के पास पहले से व्हाट्सऐप यूजरनेम उपलब्ध है, तो वह अपना यूजरनेम दूसरे व्यक्ति को बता सकता है और उसे नाम तथा अन्य संपर्क जानकारी के साथ सहेजा जा सकता है. नया संपर्क बनाते समय यूजरनेम जोड़ने की प्रक्रिया काफी आसान है. इसके लिए व्हाट्सऐप के चैट्स खंड में जाना होगा. वहां ऊपर दिए गए प्लस (+) विकल्प पर दबाने के बाद नया संपर्क चुनना होगा. इसके बाद संपर्क बनाने वाली स्क्रीन खुलेगी. यहां नाम और फोन नंबर दर्ज करने के साथ नया यूजरनेम क्षेत्र दिखाई दे सकता है.

## लॉस एंजेलिस के पास बना अर्थक्वेक गेट

**कैलिफोर्निया** में भूकंप के खतरे को लेकर वैज्ञानिकों की चिंता एक बार फिर बढ़ गई है. एक नए अध्ययन में पता चला है कि दक्षिणी कैलिफोर्निया की सैन एंड्रियास और सैन जैसिंटो फॉल्ट प्रणालियों में टेक्टोनिक तनाव पिछले 1000 वर्षों के दौरान दर्ज किए गए सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है. यूनिवर्सिटी ऑफ बर्न के नेतृत्व वाली अंतरराष्ट्रीय शोध टीम ने एक हजार साल के भूकंप इतिहास को आधार बनाकर ऐसा भौतिकी आधारित मॉडल तैयार किया, जिससे धरती की परतों में लंबे समय से जमा हो रहे तनाव का आकलन किया गया.




शोधकर्ताओं ने इसके लिए रेडियोकार्बन डेटिंग, पेड़ों के छल्लों में मिले बदलाव और जमीन में भूकंप से बनी पुरानी दरारों के ऐतिहासिक रिकॉर्ड जैसे भूगर्भीय सबूतों का इस्तेमाल किया. मॉडल ने यह दिखाया कि समय के साथ बड़े भूकंप किस तरह आसपास के फॉल्ट पर तनाव बदलते हैं और शांत अवधि के दौरान धरती की परतों में तनाव दोबारा जमा होता रहता है.



## वीवो टी5 प्रो खरीदने से पहले जानें नई कीमत

**वीवो** स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहकों को बड़ा झटका लगा है. कंपनी ने अपने वीवो टी5 प्रो 5जी स्मार्टफोन की कीमत में भारी बढ़ोतरी कर दी है. फोन के दोनों संस्करण अब पहले के मुकाबले महंगे हो गए हैं. नई कीमतें 19 अगस्त 2026 से लागू हो गई हैं.

ऐसे में अगर आप इस फोन को खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो अब आपको पहले से ज्यादा बजट रखना होगा. वीवो टी5 प्रो 5जी के 8 जीबी रैम 128 जीबी स्टोरेज संस्करण की कीमत पहले 35,999 रुपये थी. अब इसकी कीमत बढ़ाकर 41,999 रुपये कर दी गई है. यानी इस मॉडल पर कंपनी ने सीधे 6,000 रुपये की बढ़ोतरी की है. वहीं, 8 जीबी रैम + 256 जीबी स्टोरेज संस्करण पहले 39,999 रुपये में उपलब्ध था. इसकी नई कीमत 46,999 रुपये हो गई है. यानी इस संस्करण के लिए ग्राहकों को अब 7,000 रुपये ज्यादा चुकाने होंगे. अगर आप फोन के दोनों संस्करणों की पुरानी और नई कीमत की तुलना करें तो 128 जीबी वाले संस्करण की कीमत 35,999 रुपये से बढ़कर 41,999 रुपये हो गई है. वहीं 256 जीबी वाले संस्करण की कीमत 39,999 रुपये से बढ़कर 46,999 रुपये पहुंच गई है. इस तरह कंपनी ने ज्यादा भंडारण क्षमता वाले संस्करण पर सबसे ज्यादा 7,000 रुपये का इजाफा किया है.



# बीपीएससी टीआरई-4 में बढ़े 886 पद, अब 33,274 भर्तियां

**बिहार** में सरकारी शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी राहत की खबर है. बिहार लोक सेवा आयोग की चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा यानी बीपीएससी टीआरई-4 में 886 अतिरिक्त पद जोड़े जाएंगे. इसके बाद भर्ती के तहत कुल रिक्तियों की संख्या बढ़कर 33,274 हो जाएगी.

बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने अतिरिक्त पदों को शामिल किए जाने की जानकारी दी है. इससे हजारों अभ्यर्थियों के लिए सरकारी शिक्षक बनने का अवसर बढ़ जाएगा. टीआरई-4 में पहले से स्वीकृत 32,388 पदों के अलावा विभिन्न भाषाओं और विषयों के अतिरिक्त पद शामिल किए जा रहे हैं. इनमें मगही, मैथिली, प्राकृत, ललित कला समेत आठ भाषाओं के 810 पद शामिल हैं. इसके साथ ही कृषि विषय के 76 पद भी जोड़े जाएंगे. इस तरह कुल 886 अतिरिक्त पदों को भर्ती में शामिल करने की तैयारी है. शिक्षा विभाग ने पिछले महीने टीआरई-4 के लिए बिहार लोक सेवा आयोग को रिक्तियों की मांग भेजी थी. इसके बाद विभिन्न भाषाओं में शिक्षकों की जरूरत को लेकर सरकार के सामने मामला आया.




विभाग ने जिलों से संबंधित भाषाओं और विषयों में खाली पदों की जानकारी मांगी. जिलों से आंकड़े मिलने के बाद शिक्षा विभाग ने संशोधित रिक्तियों की सूची तैयार कर ली है. अब इन संशोधित रिक्तियों को बिहार लोक सेवा आयोग को भेजा जाएगा. इसके बाद आयोग मौजूदा भर्ती में ही अतिरिक्त पदों को शामिल कर सकता है. इसके लिए संशोधित विज्ञापन जारी किए जाने की संभावना है.

बिहार लोक सेवा आयोग ने टीआरई-4 शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया है. मौजूदा विज्ञापन में 32,388 सरकारी शिक्षक पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं. ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया एक सितंबर से 30 सितंबर 2026 तक चलेगी. अब 886 पद और जुड़ने के बाद अभ्यर्थियों को पहले से अधिक अवसर मिलेंगे. टीआरई-4 के विज्ञापन में परीक्षा की तारीख फिलहाल घोषित नहीं की गई है. शिक्षा मंत्री पहले ही बता चुके हैं कि शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 पास करने वाले अभ्यर्थियों को भी टीआरई-4 में अवसर दिया जाएगा. शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और परीक्षा सितंबर में होने की संभावना है.

## 148 दिन में 15,941 शिक्षकों का चयन, अब हर साल भर्ती

**आंध्र** प्रदेश में सरकारी शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है. राज्य सरकार ने विधानसभा में घोषणा की है कि अब हर साल डीएससी यानी जिला चयन समिति की शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी. सरकार का कहना है कि इसका उद्देश्य युवाओं को शिक्षक बनने के लिए नियमित अवसर उपलब्ध कराना है. यह घोषणा मेगा डीएससी-2025 भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद की गई है, जिसमें 15,941 सरकारी



शिक्षक पदों पर चयन किया गया है.

मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने विधानसभा में मेगा डीएससी-2025 की चयन प्रक्रिया का मजबूती से बचाव किया. उन्होंने कहा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रही है. मुख्यमंत्री के अनुसार परीक्षा से लेकर चयन तक किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया गया. प्रत्येक चयनित अभ्यर्थी का विवरण जांचा जा सकता है और पूरी प्रक्रिया में जवाबदेही तय की गई है. मेगा डीएससी-2025 के तहत 15,941 पदों के लिए करीब 3.3 लाख युवाओं ने आवेदन किया था. सरकार के मुताबिक, इनमें बड़ी संख्या ऐसे अभ्यर्थियों की थी, जो पिछले कई वर्षों से शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे थे. चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए, प्रशिक्षण कराया गया और उन्हें सरकारी स्कूलों में पदस्थापित भी कर दिया गया. पूरी भर्ती प्रक्रिया को केवल 148 दिनों में पूरा किया गया. परीक्षा के लिए कुल 89 सत्र आयोजित किए गए. परीक्षा में पारदर्शिता और अलग-अलग विषयों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए 13 विषयों से करीब 42 हजार सवालों का प्रश्न बैंक तैयार किया गया था. परीक्षा कंप्यूटर आधारित माध्यम से कराई गई.

## हरियाणा पुलिस में 400 पदों पर भर्ती परीक्षा नहीं होगी

**हरियाणा** पुलिस में नौकरी का इंतजार कर रहे पूर्व सैनिकों और पूर्व पुलिसकर्मियों के लिए बड़ी खबर है. हरियाणा पुलिस की दूरसंचार शाखा में 400 विशेष पुलिस अधिकारी पदों पर नियुक्ति की जाएगी. इस भर्ती की सबसे खास बात यह है कि पात्र उम्मीदवारों को न तो ऑनलाइन आवेदन करना होगा और न ही किसी लिखित या शारीरिक परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा.

उम्मीदवारों को निर्धारित तारीख पर स्वयं पहुंचकर आवेदन पत्र और जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे. यह नियुक्ति हरियाणा पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 21 के तहत की जाएगी. इसके लिए सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के पात्र पूर्व सैनिक आवेदन कर सकते हैं.

इसके अलावा भंग हो चुकी हरियाणा राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल और हरियाणा सशस्त्र पुलिस की बटालियनों में काम कर चुके पूर्व कांस्टेबल भी इस नियुक्ति के लिए पात्र हैं. उम्मीदवार की आयु विज्ञापन की तारीख को 25 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए.




शैक्षणिक योग्यता के तौर पर 12वीं पास होना जरूरी है. इसके साथ ही सशस्त्र बलों या केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कम से कम पांच वर्ष की सेवा का अनुभव होना चाहिए.

अनुशासनहीनता, कदाचार या चिकित्सा आधार पर सेवा से हटाए या बर्खास्त किए गए उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे. दूरसंचार उपकरणों को संभालने का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी. खासतौर पर सिग्नल कोर में सेवा दे चुके पूर्व सैनिकों को वरीयता मिल सकती है.